Date
Page

दिन : सोमवार
दिनांक : 22 जून, 2020

## पाठ - 1

## भाषा, लिपि और व्याकरण

भाषा :- वह साधन जिसके द्वारा हम एक - दूसरे के संपर्क में आते हैं, उसे 'भाषा' कहते हैं।
भाषा के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं :-

1. मौखिक भाषा
2. लिखित भाषा
3. सांकेतिक भाषा

---

* निम्नलिखित वाक्यों में भाषा का कौन - सा रूप प्रकट होता है, लिखिए :-

| | |
|---|---|
| 1. व्यक्ति का अखबार पढ़ना। | ( मौखिक ) |
| 2. मेडिकल स्टोर पर दवाई का बिल लेना। | ( लिखित ) |
| 3. अध्यापिका द्वारा छात्राओं को कहानी सुनाना। | ( मौखिक ) |

| | | |
|---|---|---|
| ४. | पिता द्वारा पुत्र को पत्र लिखना। | (लिखित) |
| ५. | छुट्टी के लिए पत्र लिखना। | (लिखित) |
| ६. | नौकरी के लिए आवेदन-पत्र देना। | (लिखित) |
| ७. | नेता द्वारा मंच पर भाषण देना। | (मौखिक) |
| ८. | अपने मित्र से बातचीत करना। | (मौखिक) |
| ९. | यातायात सिपाही द्वारा यातायात नियंत्रित करना। | (सांकेतिक) |
| १०. | मूक-बधिर लोगों का आपस में बातचीत करना। | (सांकेतिक) |

लिपि :- भाषा को बोलते समय हमारे मुख से ध्वनियाँ निकलती हैं। इन ध्वनियों को लिखित रूप देने के लिए कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं। इन्हीं चिह्नों की व्यवस्था को लिपि तथा इन चिह्नों को लिपि चिह्न कहा जाता है।

* निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उर्दू | अरबी |
| 2. | बाँग्ला | बाँग्ला |
| 3. | पंजाबी | गुरुमुखी |
| 4. | मराठी | देवनागरी |
| 5. | अंग्रेजी | रोमन |
| 6. | जर्मन | रोमन |
| 7. | नेपाली | देवनागरी |
| 8. | फ्रैंच | रोमन |
| 9. | संस्कृत | देवनागरी |
| 10. | हिंदी | देवनागरी |

व्याकरण :- 'व्याकरण' वह शास्त्र है जिसमें उन नियमों का संग्रह होता है, जो किसी भाषा को शुद्ध रूप में बोलने, लिखने एवं समझने में सहायता प्रदान करते हैं।

व्याकरण के निम्नलिखित तीन अंग होते हैं:-

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. वाक्य विचार

* रिक्त स्थान भरिए :-

१. अंग्रेजी विश्व की अंतरराष्ट्रीय भाषा है।

२. हमारे संविधान में इक्कीस भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है।

३. हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।

४. व्याकरण के तीन अंग होते हैं।

५. वर्ण सबसे छोटी ध्वनि है।

* हाँ / नहीं :-

१. क्या हिंदी एक बोली है? नहीं

२. क्या गुरुमुखी पंजाबी भाषा की लिपि है? हाँ

३. क्या सभी भाषाएँ बाईं ओर से दाईं ओर लिखी जाती हैं? नहीं

४. क्या गढ़वाली एक भाषा है? नहीं

५. क्या भाषा के कई रूप होते हैं? हाँ